# महिला सुरक्षा व यातायात नियमों पर चर्चा

टोंक | राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार में यातायात नियमों के जानकारी देने के दौरान उपस्थित छात्राएं।

**टोंक** | राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शनिवार को तृतीय एक दिवसीय सैमिनार का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. गीता मीणा ने बताया कि सैमिनार में सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. बीएल बैरवा ने छात्राओं को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। इसमें यातायात विभाग के कजोड़मल पहाड़िया व हेड कांस्टेबल बाबूलाल उमारिया ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों व महिला सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में बताते हुए देते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 और एसपी आदर्श सिद्धू की ओर से हाल में लांच की गई व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7413909100 की जानकारी दी। सेमीनार के दौरान कॉलेज परिसर में छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया।

Scanned by CamScanner